अब जो बारिश की इनायत हुई, तो लगा... पृष्ठ 2 | विश्व की महान विभूति पुरी शंकराचार्य... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स

।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559
नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

शुक्रवार, 05 जुलाई 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 263, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

## दूसरे सप्ताह भी मुख्यमंत्री के जनदर्शन में नागरिकों में जबरदस्त उत्साह

### आग्रह-अनुरोध लेकर प्रदेशभर से बड़ी संख्या में पहुंचे थे लोग, मेधावी बच्चों को प्रोत्साहन राशि और स्कूटी के लिए 26 लाख रूपए






रायपुर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निवास कार्यालय में आज दूसरे सप्ताह के जनदर्शन कार्यक्रम में नागरिकों में जबरदस्त उत्साह रहा। मुख्यमंत्री श्री साय से मुलाकात करने और अपने आग्रह-अनुरोध उन्हें प्रत्यक्ष सौंपने के लिए प्रदेशभर से बड़ी संख्या में लोग आए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने श्रमवीरों के मेधावी बच्चों को दो-दो लाख रूपए के चेक भी प्रदान किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अपने निवास कार्यालय परिसर में अपनी मां के नाम दहीमन का पौधा लगाया। जनदर्शन स्थल के पास स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी लगाया गया था, जिसका नागरिकों ने लाभ उठाया। आज के कार्यक्रम में अनेक ऐसे लोग मुख्यमंत्री को धन्यवाद कहने आए थे, जो पिछले जनदर्शन में आए थे और उनके आवेदनों का निराकरण भी हो गया था।

आज आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत 13 बच्चों को दो-दो लाख रूपए के चेक दिए गए। इसमें से एक लाख रूपए प्रोत्साहन के रूप में और एक लाख रूपए स्कूटी खरीदने के लिए दिए गए। पंजीकृत निर्माणी श्रमिक परिवारों के पुरस्कृत बच्चों ने दसवीं और बारहवीं में 2023-24 के टॉप-10 सूची में स्थान बनाया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अपनी मां के नाम दहीमन का, जो पौधा लगाया है, वह औषधीय गुणों से युक्त है। यह पौधा सरगुजा अंचल में पाया जाता है। मुख्यमंत्री ने लोगों से भी मां के नाम अपने-अपने निवास या गांव में पौधा लगाने की अपील की। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में लोगों से एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील की थी। इस बार के जनदर्शन में बड़ी संख्या में ऐसे भी लोग शामिल हुए, जो पिछले बार के जनदर्शन में भी आए थे, तब उनके आवेदनों का निराकरण मुख्यमंत्री के निर्देश पर तत्काल कर दिया गया था। इन लोगों ने त्वरित कार्यवाही के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। इनमें दिव्यांग भी शामिल थे, जिन्हें श्री साय के निर्देश पर ट्रायसाइकिल और अन्य सहायक उपकरण तत्काल उपलब्ध कराए गए थे। स्वास्थ्य शिविर में लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। खून जांच, बीपी की जांच, शुगर और अन्य आम बीमारियों की जांच की सुविधा शिविर में उपलब्ध कराई गई थी। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार सदियों तक लोगों को प्रेरित करते रहेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजनों के पास पहुंचकर उनसे मुलाकात की। उनसे आवेदन लिए और मौके पर ही ट्राईसायकल सहित अन्य सहायक उपकरण प्रदान किए। बागबाहरा वन क्षेत्र में निवासरत कमार परिवारों के बेदखली की नोटिस की जांच के निर्देश वन अधिकारियों को दिए। रायपुर के अशोका रतन कॉलोनी के समीप की सड़क की मरम्मत कराने तथा आरक्षक श्री भरत लाल बरेठ के किडनी प्रत्यारोपण एवं इलाज के बकाया देयक के भुगतान के संबंध में उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने श्री मोती लाल पटेल की पांच साल की बेटी डॉली जो थैलेसीमिया से पीड़ित है, उसके इलाज की व्यवस्था के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सक्ती जिले के मालखरौदा विकासखण्ड के ग्राम परसा की रहने वाली कैंसर पीड़ित मितानीन उर्मिला देवी को इलाज के लिए मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से मदद देने की बात कही।

**जनदर्शन का असर - मुख्यमंत्री का आभार जताने पहुंचे किसान**

मुख्यमंत्री के जनदर्शन का असर मैदानी स्तर पर दिखने लगा है। राजधानी रायपुर से सटे सेजबहार के युवा किसान ललित साहू अपने गांव के अन्य किसानों के साथ आज प्रदेश के संवेदनशील मुखिया श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद देने आए थे। उन्होंने और उनके साथी किसानों ने मुख्यमंत्री निवास में आयोजित जनदर्शन में मुख्यमंत्री श्री साय से मुलाकात कर अपने खेतों से लगी शासकीय जमीन के कब्जामुक्त होने के बाद खेत आने-जाने के लिए पुनः रास्ता मिल जाने पर मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया।

सेजबहार के किसान ललित साहू, कामता प्रसाद, शारदा राम साहू, लाकेश्वर प्रसाद साहू और कामता प्रसाद साहू विगत 27 जून को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के पहले जनदर्शन में अपनी समस्या लेकर आए थे। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया था कि उनके खेतों से लगे सरकारी जमीन पर कुछ लोग अतिक्रमण कर अवैध प्लाटिंग कर रहे हैं। इससे उनके खेत आने-जाने का रास्ता बंद हो गया है। इस पर मुख्यमंत्री ने त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाया था। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि एसडीएम, तहसीलदार और राजस्व अमले की टीम ने गांव पहुंचकर शासकीय भूमि को कब्जामुक्त करा लिया है। इससे किसानों को अपने खेत आने-जाने का रास्ता वापस मिल गया है। उन्होंने पूरे सेज बहार वासियों की ओर से मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया।

**जनदर्शन में सुनने को मिला अजीबो-गरीब मामला**

मुख्यमंत्री के जनदर्शन कार्यक्रम में आज बाईक चोरी का एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया। रायपुर के चौबे कॉलोनी निवासी भूपेंद्र साहू ने मुख्यमंत्री को अपनी व्यथा बताई, कि कुछ समय पहले उनकी बाइक चोरी हो गई। अब दिक्कत यह है कि जिसने बाइक चुराई, वो ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर रहा है और दो बार उनके पास दो हजार रुपए का चालान आ गया है। मुख्यमंत्री ने ट्रैफिक विभाग के अधिकारियों को भूपेन्द्र की बाइक दिलाने और चालान को माफकरने के निर्देश दिए।

**जनदर्शन में मुख्यमंत्री को बिटिया की शादी का न्यौता**

जनदर्शन में मुख्यमंत्री को प्रदेश की जनता का भरपूर प्यार मिल रहा है। आज जनदर्शन में बहुत सारे ऐसे आवेदन आए, जिसमें मुख्यमंत्री से लोगों ने उनकी योजनाओं से अपने जीवन में आई खुशहाली के लिए आभार व्यक्त किया। इनमें से एक चेतन भी थे, जो जनदर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय से मुलाकात कर अपनी बिटिया की शादी में शामिल न्यौता दिया। मुख्यमंत्री ने श्री चेतन को बिटिया के वैवाहिक कार्यक्रम के लिए अग्रिम बधाई दी और कहा कि आपकी बिटिया को मेरा भरपूर आशीर्वाद है। बिटिया सुखी रहे।

**दिव्या को इलाज के लिए डेढ़ लाख की मदद**

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने जनदर्शन कार्यक्रम में भानुप्रतापपुर की रहने वाली 10 वर्षीय बालिका दिव्या विश्वकर्मा को हाथ में आई विकृति के इलाज के लिए डेढ़ लाख रूपए की सहायता राशि की मंजूरी दी।

## साक्ष्य के अभाव में हत्या का आरोपी बरी

**मामला थाना गैन्दाटोला क्षेत्र के ग्राम लुलीकसा का**

**राजनांदगांव ।** एक वर्ष दो माह पूर्व हुई एक हत्या के एक मामले में कल दिनाँक 3 जुलाई 2024 को जुर्म साबित न होने पर विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजनांदगाँव 'श्रीमति सुषमा सावंत' के न्यायालय ने आरोपी कुन्दन सिदार उर्फचन्द्रवंशी पिता मनराखन सिदार, उम्र 29 साल निवासी ग्राम लुलीकसा, थाना गेंदाटोला जिला राजनांदगांव (छ.ग.) को बरी किया। अभियुक्त कुन्दन सिदार उर्फचन्द्रवंशी की ओर से न्यायालय के समक्ष पैरवी करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता श्री राकेश ठाकुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक वर्ष दो माह पूर्व दिनांक 13 मार्च 2023 को ग्राम लुलीकसा, थाना गैन्दाटोला निवासी नयलु राम यादव शराब पीकर गाली-गुप्तार कर रहा था तब अभियुक्त कुन्दन सिदार ने नयलु को समझाते हुये कहा कि, अपने घर जाओ। जिस पर नयलु राम आवेश में आकर कुन्दन सिदार को बोला कि, नहीं जाऊंगा, तू मेरा क्या कर लेगा इस पर गुस्से में आकर कुन्दन सिदार ने इमली के लकड़ी के ढेका से नयलु यादव के ऊपर प्राणघातक वार कर दिया जिससे नयलु यादव घायल हो गया जिसे उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में भर्ती कराया गया था, जहाँ उपचार के दौरान दिनांक 15.03.2023 को उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलने पर थाना गैंदाटोला द्वारा कुन्दर सिदार के खिलाफहत्या का मामला दर्ज कर जांच में लिया गया था। कुन्दन सिदार को गिरफ?तार कर जेल दाखिल किया गया व पूरी जांच के बाद धारा 302 भारतीय दण्ड संहिता के तहत् चालान न्यायालय में पेश किया गया था। श्रीमान् न्यायालय द्वारा अभियोजन की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य का परीक्षण कर दोनों पक्षों के दलील सुनने उपरान्त अभियुक्त कुन्दन सिदार के खिलाफहत्या का मामला साबित न पाते हुये अभियुक्त कुन्दन सिदार को बरी करने का निर्णय घोषित किया गया।

## भोथीपारकला स्कूल में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति गठित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ब्लाक के शासकीय प्राथमिक शाला भोथीपारकला में विगत दिवस शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन किया गया । इसमें 16 सदस्य है। समिति में सभी वर्ग ओबीसी,एससी,एसटी एवं महिलाओं के साथ ही पंचायत प्रतिनिधि को शामिल किया गया है। इस संबंध में सदस्यों की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें सर्वसम्मति से रूपदास साहू को अध्यक्ष एवं अनिता जोशी को उपाध्यक्ष बनाया गया है।समिति के सचिव गजाधर साहू प्रधान पाठक एवं कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू शिक्षक है।अन्य सदस्यों में शिक्षाविद के रूप में वरिष्ठ नागरिक जीवनलाल साहू, पंचायत प्रतिनिधि के रुप में निर्मला साहू , पालक वर्ग से मोहित राम साहू,चेतन दास साहू, देवकरण साहू , अनिल राय,उदेराम ठाकुर, महिला वर्ग से रूक्मणी जोशी,कोमिन ठाकुर, लीला ठाकुर,चंपा साहू, ममता साहू सम्मिलित है।



## सर्पदंश से 15 वर्षीय बालिका की मौत

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** समीप ग्राम परना निवासी सती कुमारी आत्मज हृदय राम ओडमरिया 15 वर्षीय बीती रात में अपने घर में जमीन पर चटाई बिछाकर पढ़ रही थी पढ़ते-पढ़ते नींद लग जाने से रात्रि 1:00 के आसपास एक जहरीला सांप डंडा करेत ने काट लिया जिससे उनकी मौत हो गई स्थानीय आरक्षी केंद्र डोंगर गांव में मर्ग कायम का विवेचना की जा रही है।

## मनगट्टा गाँव में मस्जिद नुमा आकृति के निर्माण पर आपत्ति, हनुमान चालीसा का पाठ कर जताया विरोध




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगांव के ग्राम मनगटा में कृषि भूमि में मस्जिद नुमा आकृति निर्माण का विरोध शुरू हो गया है। सरकारी विभाग में कार्यरत कर्मचारी ने चार एकड़ कृषि भूमि दो गुना कीमत में खरीदी हैद्य ग्रामीणों ने बताया कि भूमि स्वामी ने खेती करने के नाम से जमीन खरीदी थी। इसके बाद मस्जिद निर्माण शुरू कर दिया। राजनांदगांवद्य छत?तीसगढ़ के राजनांदगांव के ग्राम मनगटा में कृषि भूमि में मस्जिद नुमा आकृति निर्माण का विरोध शुरू हो गया है। सरकारी विभाग में कार्यरत एक कर्मचारी ने चार एकड़ कृषि भूमि दो गुना कीमत में खरीदी हैद्य ग्रामीणों ने बताया कि मस्जिद निर्माण में करीब दो करोड़ रुपये खर्च हो गया है। भूमि स्वामी ने खेती करने के नाम से जमीन खरीदी थी। इसके बाद मस्जिद निर्माण शुरू कर दिया। जिसका विरोध ग्रामीणों ने किया। प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा गया। लेकिन कार्रवाई नहीं हुई, जिसके बाद गामीणों ने गुरुवार को जिला कार्यालय का घेराव किया। ग्रामीणों ने जिला कार्यालय के सामने हनुमान चालीसा पाठ किया।



ग्रामीणों ने बताया कि गांव में एक भी मुस्लिम परिवार निवासरत नहीं है। इसके बावजूद मस्जिद का अवैध निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि भूमि स्वामी द्वारा प्लाटिंग कर मुस्लिम समाज के लोगों को बसाने की योजना भी है।

## प्रख्यात ज्योतिषाचार्य पंडित विनोद दुबे जी का दो दिवसीय महालक्ष्मी अर्चन

### 6 एवं 7 जुलाई 2024 कुंडली विश्लेषण शिविर बाल रत्न मंच सेवा समिति द्वारा निशुल्क कुंडली विश्लेषण शिविर



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बाल रत्न मंच सेवा समिति के उपाध्यक्ष संदेश जैन एवं सचिव सौरभ खंडेलवाल ने बताया की संस्कारधानी राजनंदगांव शहर में पहली बार दो दिवसीय निशुल्क कुंडली विश्लेषण शिविर बाल रत्न मंच सेवा समिति द्वारा आयोजित किया जा रहा है संयोजक राहुल अग्रवाल आयोजन अध्यक्ष मयंक कृष्णा शर्मा के नेतृत्व में दो दिवसीय महालक्ष्मी अर्चन कुंडली विश्लेषण शिविर भगवान विश्वनाथ की कृपा एवं सिद्धि प्राप्त प्रख्यात ज्योतिषाचार्य परम पूज्य गुरुदेव पंडित विनोद कुमार दुबे जी जबलपुर वालों का आयोजन 6 एवं 7 जुलाई 2024 प्रातः 10:00 से स्थान अग्रसेन भवन भरका पारा राजनंदगांव में बाल रत्न मंच सेवा समिति द्वारा आयोजित है। आयोजन में हिमाचल प्रदेश , उत्तराखंड उड़ीसा ,महाराष्ट्र , पश्चिम बंगाल ,उत्तर प्रदेश एवं अन्य राज्यों के भक्त भी सम्मिलित होंगे । प्रख्यात ज्योतिषाचार्य पंडित विनोद दुबे जी द्वारा ग्रहों की दशा एवं जीवन के उतार-चढ़ाव पर विभिन्न उपाय एवं सुझाव उपस्थित जनों को प्रदान किए जाएंगे जिससे हर छोटी बड़ी समस्या का समाधान होगा आयोजन हेतु पूर्व पंजीयन आवश्यक होगा निशुल्क पंजीयन हेतु संपर्क राहुल अग्रवाल 8349488000, मयंक शर्मा 9827153440 , सौरभ खंडेलवाल 9039790805 , रितेश यादव 9300830072 , संदेश जैन 9407612000 में संपर्क करें । पूर्व पंजीयन करना आवश्यक होगा उपरोक्त जानकारी आयोजन समिति के उपाध्यक्ष रितेश यादव एवं सचिव खंडेलवाल ने दी ।

## अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

### निजी भूमि के सामने अतिक्रमण, बेदखली के आदेश का लंबे समय बाद हुआ अमल



**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम कुमर्रा छुरिया में निजी भूमि के सामने - दो लोगों ने मिलकर अतिक्रमण कर लिया था। लगभग 10 साल तक पीड़ित ने न्यायालय के चक्कर लगाये। इसके बाद तहसीलदार ने अतिक्रमणकारियों को बेदखल करने का आदेश दिया लेकिन बेदखली के आदेश का भी पालन नहीं हो पा रहा था ।पीड़ित ग्रामीण ने न्याय की गुहार एक साल तक लगाई तब जाकर अंतत : 27 जून को तहसीलदार विजय कोठारी ने अतिक्रणकारी के मकान को बुल्डोजर से ढहाया।

ग्राम - कुमर्रा छुरिया निवासी माखनलाल साहू ने बताया कि उसकी निजी भूमि व मकान के सामने कुशल साहू एवं बसंत कुमार साहू पिता मंथिर साहू ने अतिक्रमण कर लिया था ।इससे उसे अपने मकान से आने- जाने में परेशानी होने लगी। जब अतिक्रमणकारियों ने अवैध कब्जा नहीं हटाया तो उसने न्यायालय की शरण ली। लगभग 10 साल की लंबी अवधि के' बाद न्यायालय ने उसके पक्ष में फैसला सुनाया और अतिक्रमणकारियों को बेदखल करने का आदेश फरवरी माह में दिया गया। तहसीलदार छुरिया द्वारा जारी आदेश में 17 फरवरी 2023 तक बेदखली का आदेश पालन कराने के निर्देश दिये गये लेकिन अतिक्रमणकारी अवैध कब्जा नहीं हटाए थे। जिसे 27 जून 2024 को पंजीयन हल्का नंबर पांच की शासकीय भूमि खसरा नंबर 54/4 रकबा 0. 32 एकड़ में से 0.01 डीसिमल पर अतिक्रमण कर मकान बनाया गया था जिसे बुल्डोजर से तोड़ा गया।

# अब जो बारिश की इनायत हुई, तो लगा कि जैसे कुदरत की मेहरबानी हुई...

## वृक्षारोपण महाभियान अंतर्गत जिले भर में 40 हजार से अधिक पौधे लगाए गए, वृक्षारोपण के लिए जनसामान्य में रहा अभूतपूर्व उत्साह








**जिला प्रशासन की पहल पर उद्योगों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं जनसहभागिता से किया गया सघन पौधरोपण**

**इस बारिश में विभिन्न प्रजाति के पौधे होंगे पुष्पित एवं पल्लवित ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों के तालाबों, शासकीय स्कूलों, चारागाह, पशु आश्रय स्थल, आंगनबाड़ी, धान खरीदी केंद्र, विभिन्न सड़कों में पौधरोपण**

**अमरूद, जामुन, आम, आंवला, कटहल, बादाम, पीपल, बरगद, नीम, अनार, चीकू, नींबू सहित विभिन्न वेरायटी के पौधे लगाए गए**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अब जो बारिश की इनायत हुई, तो लगा कि जैसे कुदरत की मेहरबानी हुई। बारिश के साथ ही राजनांदगांव शहर की हरीतिमा मुग्ध कर रही है। शासन की मंशा के अनुरूप शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मिशन जल रक्षा अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए वृक्षारोपण महाभियान अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा उद्योगों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं जनसहभागिता से सघन पौधरोपण किया गया और जिले भर में 40 हजार से अधिक पौधे लगाए गए। ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों के तालाबों, शासकीय स्कूलों, चारागाह, पशु आश्रय स्थल, आंगनबाड़ी, धान खरीदी केंद्र, विभिन्न सड़कों में पौधरोपण किया गया। कहते हैं कि प्रकृति रक्षति रक्षित: अर्थात् प्रकृति उसकी रक्षा करती हैं जो प्रकृति की रक्षा करते हैं। ऐसी ही एक बानगी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिले भर में दिखाई दी। जैव विविधता के संरक्षण एवं प्रकृति के प्रति तादात्म्य बनाये रखने के लिए जिलेवासियों का जज्बा एवं जूनून एक अलग ही रूप में प्रगट हुआ। इस बारिश में विभिन्न तरह के पौधे पुष्पित एवं पल्लिवत होंगे। शहर की यह फिज़ां देखकर निदा फाजली कि यह पंक्तियां प्रासंगिक लगती है-

**मुद्दत के बाद धूप की खेती हरी हुई,**
**अब के बरस, बरस गई बादल की ओढऩी**

शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए तथा पर्यावरण प्रदूषण को दूर करने के लिए सभी सहभागी बने। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के नेतृत्व में जिले में संचालित वृक्षारोपण महाभियान में सभी दिल से जुड़कर शामिल हुए। पौधरोपण के साथ ही पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाए गए। पौधरोपण के लिए मिशन मोड में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया गया। मिशन जल रक्षा अंतर्गत जल संरक्षण अंतर्गत सबके सहयोग से कारगर कदम उठाये जा रहे हैं। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में टीम ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के लिए जागरूकता लाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। लगातार समन्वय एवं मेहनत का सुखद परिणाम यह रहा कि एक ही दिन व्यापक पैमाने पर इतनी बड़ी संख्या में पौधरोपण किया गया। वन, जिला पंचायत, नगर निगम, कृषि, उद्यानिकी, शिक्षा विभाग, कृषि



विज्ञान केन्द्र, जिले के सभी उद्योग एवं स्वयं सेवी संस्थाएं द्वारा जनसहभागिता से वृहद रूप से कार्य किया गया। एक साथ इतने पैमाने पर पौधों की व्यवस्था की जिम्मेदारी ली गई। अमरूद, जामुन, आम, आंवला, कटहल, बादाम, पीपल, बरगद, नीम, अनार, चीकू, नींबू, बेर, केला सहित विभिन्न वेरायटी के पौधों का रोपण किया गया। सेन्ट्रल ग्राऊण्ड वाटर बोर्ड के सर्वे के अनुसार डोंगरगांव, डोंगरगढ़ एवं राजनांदगांव क्रिटिकल जोन में आ गए हैं। लगातार बोर एवं पंप से भू-जल दोहन के कारण भू-जल स्तर में गिरावट आयी है। जिले में मिशन जल रक्षा के तहत विभिन्न जलीय संरचनाओं के माध्यम से भू-जल स्तर को बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

वृक्षारोपण महाभियान में स्वयं सेवी संस्थान अंतर्गत उद्याचल, ब्लू बर्ड फाउंडेशन, वृक्ष गंगा ग्रुप तथा उद्योगों में एबीस एक्सपोर्ट, कमल फुड्स प्राईवेट लिमिटेड, राजाराम मेज प्रोड्क्टस, सिम्पलेक्स इंजीनियरिंग एण्ड फाउंड्री वर्क्स, खेतान केमिकल्स, नाद नानवूवन प्राईवेट लिमिटेड, सनटेक जियो टेक्सटाईल्स प्राईवेट लिमिटेड, आरबी रूंगटा स्टील्स एण्ड फुड प्रोड्क्टस प्राईवेट लिमिटेड, क्रेस्ट स्टील एण्ड पावर लिमिटेड, कमल साल्वेट एक्स्ट्रक्शन, जया स्पेशिलिटी केमिकल्स प्राईवेट लिमिटेड, हीरा स्टील्स लिमिटेड, एलेक्सर कार्बो प्राईवेट लिमिटेड, यूनीवेब्स स्लीपर्स प्राईवेट लिमिटेड, थर्मोकेयर रॉकवुल (आई) प्राईवेट लिमिटेड, रामदेव रिफाईनरी प्राईवेट लिमिटेड, वर्धमान रोप्स प्राईवेट लिमिटेड, जयसवाल निक्को इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, अम्बाभवानी फेब इंजीनियरिंग वर्क्स एलसीपी, आदर्श इस्पात उद्योग प्राईवेट लिमिटेड, ओरियेन्ट इस्पात प्राईवेट लिमिटेड एण्ड पीएस स्टील ट्यूब्स प्राईवेट लिमिटेड, पॉलीब्राण्ड रॉक फाईबर प्राईवेट लिमिटेड, विक्रांत रोप्स प्राईवेट लिमिटेड, एमजी रिकलेम्स, ग्रेबटेक फेब्रीक्स एलएलपी, कनक प्लास्टिक इंडस्ट्रीज, एमजी रबर, डेकॉस बायो प्रोडक्टस प्राईवेट लिमिटेड, जैन इंडस्ट्रीयल, सांई प्लास्टिक इंडस्ट्रीज, प्लांट नर्सरी, जिला तीरंदाजी संघ, युगांतर पब्लिक स्कूल, नीरज पब्लिक स्कूल, जेएलएम गायत्री विद्यापीठ, शिला थीजन मेमोरियल स्कूल, एलडीएम ऑफिस, एसकेएस केयर, सनातन धर्म, पीआरएडीएएन, आरकेएचएस स्कूल, नीरज बाजपेयी स्कूल, एनजीओ, सनातन धर्म महासभा द्वारा पौधरोपण किया गया।

## योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता 6 जुलाई को

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला राजनांदगांव योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आगामी दिनांक 6 जुलाई, शनिवार को स्थानीय गायत्री स्कूल में योगासन स्पोर्ट्स की प्रतियोगिता रखी गई है। जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमंत तिवारी ने बताया कि योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता सुबह 9:00 बजे गायत्री स्कूल में दीप प्रज्वलन कर प्रारंभ किया जाएगा। जिसमें राजनांदगांव जिले के लगभग 30 से 40 खिलाड़ी बच्चे भाग लेंगे। चार विधाओं में आयोजित योगासन के खेल होंगें। इसमें से चयनित खिलाड़ी संभाग और फिर राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में भाग लेंगे। जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव लक्ष्मण लोहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ 06 जुलाई शनिवार सुबह 09 बजे अतिथि जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल, हड्ड्स्स्न स्टेट प्रेसिडेंट गोस्वामी जयंत भारती, समाजसेवी अंजुम अल्वी, समाजसेवी बृजकिशोर सुरजन, समाजसेवी निकुंज सिंघल, समाजसेवी सौरभ अग्रवाल जी द्वारा किया जायेगा। दोपहर समापन समारोह के अतिथि एडीजे थामस एक्का, सीजेएम अशोक साहू, सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण हेमंत रात्रे, हड्ड्स्स्न स्टेट सचिव मेजर सिंह एवम् समाजसेवी पवन डागा होंगें। प्रतियोगिता की सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है, इस संबंध में एक बैठक बुलाई गई थी जिसमे प्रो ओंकारलाल श्रीवास्तव, नारायण कन्नोजे, राकेश ठाकुर, लक्ष्मण लोहिया, भोलाशंकर महोबिया, डोमेंद्र देवांगन एवम् हेमंत तिवारी शामिल हुए। अध्यक्ष श्री तिवारी ने खेल से जुड़े लोगों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें।

## पेंशनर्स एसोसिएशन की सामूहिक बैठक 08 जुलाई को

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पेशनर्स एसोसिएशन छ.ग. प्रदेश की प्रदेश/जिला/ तहसील एवं नगर सामूहिक बैठक दिनांक 08/07/2024 दिन सोमवार को पेंशनर भवन ठाकुर प्यारेलाल स्कूल परिसर में रखी गयी है। छ.ग. प्रदेश के चुनाव संबंधी कार्यक्रम तय किये जायेगें। उस दिन सभी शाखाओं से मतदाता सूची जमा करने के लिए पत्र भेज दिया गया है। जिसके अनुसार 200/-रू अपने- अपने तहसील जिला नगर के माध्यम से जो सदस्य जमा करेगें वही मतदाता होगें। अत: सभी तहसील एवं जिला नगर प्रभारी 200/-रू देने वाले सदस्य का नाम ही मतदाता सूची में लिखेगें। बैठक में वक्ताओं के भी विचार रखे जायेगें, नये सदस्यों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किये जायेगें। एवं कार्यकारी प्रांताध्यक्ष डी.एन.साहू, प्रांतीय महामंत्री के.पी.सिंह,जिला महासचिव जी.आर.देवांगन , सचिव डी.डी. पांडे,डॉ. के.एल.टांडेकर,नगर अध्यक्ष बी.टी वाल्दे ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है यह जानकारी नगर अध्यक्ष बी.टी. वाल्दे द्वारा दी गई।

## हायर सेकंडरी स्कूल टप्पा में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव व किया गया वृक्षारोपण



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नव प्रवेशी बच्चो के स्वागत के लिए हायर सेकेंडरी स्कूल टप्पा में गत दिनों शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथि छत्रपाल चंद्रवंशी सदस्य जनपद पंचायत डोंगरगांव ,सरपंच श्रीमती मीना साहू ,संकुल प्राचार्य जे.के. सिंह ग्राम के वरिष्ठ नागरिक गण सुखदेव सिन्हा, टुम्मन साहू, श्रीमती चंद्रकला साहू , टुकेश्वर साहू, राजू ढीमर द्वारा की गई इस अवसर पर नव प्रवेशी बच्चों का अतिथियों के हाथों गुलाल टीका लगाकर नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक एवं साइकिल वितरण किया गया ,साथ ही बच्चों का मुंह मीठा भी कराया गया प्राचार्य जे.के. सिंह द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया, साथ ही प्राचार्य द्वारा अपने पूज्य पिता श्री की स्मृति में कक्षा 10वी और 12वी में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्रों का जनरल नॉलेज की बुक व पेन प्रदान कर सम्मानित किया इस अवसर पर छत्रपाल चंद्रवंशी ने बच्चों को लगन पूर्वक पढ़ाई करने व पालकों को बच्चों की पढ़ाई में विशेष ध्यान देने की बात कही। बिगड़ते पर्यावरण को संतुलित करने के उद्देश्य से उच्चत्तर माध्यमिक शाला परिसर में बुधवार को वन महोत्सव का आयोजन कर पौधारोपण किया गया। शाला परिसर में नीम,बादाम, करंज व गुलमोहर सहित अन्य प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया और सुरक्षा का संकल्प लिया गया। इस मौके पर सरपंच श्रीमती मीना साहू प्राचार्य जे.के.सिंह, सचिव योगेश साहू, दिनेश सिन्हा ,शिक्षक रामेश्वर साहू, हीरालाल साहू,डैनी वर्मा ,वीरेंद्र कुमार रंगारी,अन्नपूर्णा कोटांग्ले, निशा मिश्रा, स्वालेहा खानम शेख,चंद्रिका भारद्वाज, नम्रता बावनकर, मोनिका नायक, भगवती यारदा,रेखा कड़वे,त्रिभुवन वर्मा व बेनी राम जंघेल उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन व्याख्याता हेमंत साहू के द्वारा किया गया।

## एक पेड़ मां के नाम थीम पर पारींखुर्द में किया गया वृहद वृक्षारोपण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पारींखुर्द, संकुल भर्रेगांव में 3 जुलाई 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



जी द्वारा वृहद वृक्षारोपण हेतु किए आह्वान के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम थीम पर बच्चों,शिक्षकों, पालको, जनप्रतिनिधियो व अन्य शासकीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने शाला परिसर में आम,नीम, नींबू,जामुन व बेल जैसे फलदार व छायादार पौधे लगाए। साथ ही साथ देख रेख की जिम्मेदारी की शपथ भी ली। बच्चों ने इस अभियान के प्रति बेहद उत्सुकता देखने को मिली। इस अवसर पर जिला प्रभारी क्रेडा राजनांदगांव सुश्री पूर्णिमा गुप्ता,ग्राम पंचायत सरपंच बुद्धेश्वर साहू, संस्था प्रमुख एस.के. सेवता,शिक्षिकाओ श्रीमती विभा सिंहमारे, पुष्पलता देवांगन,ग्राम पंचायत सचिव संध्या साहू, रसोईया, स्वीपर,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिनो,पंचगण,पालकों और बच्चों की उपस्थिति रही रही।

## बोरी एवं टेडेसरा स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव के साथ मनाया गया संकल्प दिवस



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बोरी एवं टेडेसरा में आज शाला प्रवेशोत्सव के साथ संकल्प दिवस का आयोजन किया गया । दोनों ही शालाओं में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव उपस्थित रहे और विद्यार्थियों को शाला प्रवेशोत्सव को संकल्प दिवस के रूप में मनाने के लिये प्रेरित करते हुए कहा कि आज प्रवेशोत्सव पर छात्र ये संकल्प लें की आज ही से साल भर के लिये लक्ष्य निर्धारित कर उन लक्ष्यों को पाने के लिये साल भर पूरी मेहनत एवं लगन से शिक्षा ग्रहण करेंगे। ग्राम बोरी के आयोजन में अध्यक्षता तेजराम देवांगन पूर्व जनपद सदस्य ने की और विशिष्ट अतिथि के रूप में लालाराम देवांगन सांसद प्रतिनिधि एवं पूर्व शाला विकास समिति अध्यक्ष, हरक राम टंडन पूर्व शाला विकास समिति अध्यक्ष, ग्राम बोरी सरपंच श्रीमती हेमपुष्पा देवांगन एवं गणमान्य नागरिक रतन देवांगन, मोहन लाल देवांगन, कुशाल सिंह, बरातु देवांगन की उपस्थिति में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया।

## राज्य महिला आयोग को प्राप्त प्रकरणों की सुनवाई आज

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. श्रीमती किरणमयी नायक द्वारा 5 जुलाई 2024 को सुबह 11 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोग को जिले से प्राप्त 26 प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। सुनवाई में निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उभयपक्ष को उपस्थित होने कहा गया है।

**कार्यालय कलेक्टर(आबकारी) राजनांदगांव(छ.ग.)**

**।। निविदा सूचना शुद्धि पत्र ।।**

वर्ष 2024-25 (01 जुलाई 2024 से 31 मार्च 2025 तक) राजनांदगांव जिले के देशी/विदेशी मदिरा/कम्पोजिट मदिरा दुकानों के लिये इच्छुक निविदादाता से निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 07.07.2024 को 12.00 बजे तक निर्धारित किया गया था, जो कि अवकाश अवधि होने के कारण दिनांक 08.07.2024 निर्धारित किया जाता है।

सहायक आयुक्त आबकारी
हेतु कलेक्टर,राजनांदगांव(छ.ग.)

जी - 242500852/3

## हमर हरिहर पेड़ लगाओ अभियान



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पर्यावरण को सुरक्षित बनाए रखने के लिए नगर के बाद ग्रामीण क्षेत्रों के शासकीय स्कूलों में पेड़ पौधे रोपण कर एक अच्छी पहल की जा रही है हमर हरिहर पेड़ लगाओ अभियान के अंतर्गत ग्राम अर्जुनी के आयुर्वेद अस्पताल और ग्राम पंचायत के खाली मैदान में विभिन्न प्रजाति के पेड़ पौधे लगाए गए हैं कार्यक्रम में पूर्व जनपद उपाध्यक्ष दिनेश साहू भैया लाल साहू ओमकार गणपत देवांगन सूरज कमलेश प्रवीण अग्रवाल छबिलाल एवं स्टाफउपस्थित थे ग्राम कुमरदा के नवीन तहसील भवन के खाली परिसर में विभिन्न प्रकार के फलदार और छायादार पेड़ पौधे लगाए गए हैं कार्यक्रम में तहसीलदार टिकेश्वर साहू राजस्व निरीक्षक आनंदी रावटे पटवारी सुनील साहू सरपंच दिनेश कुमार एवं अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे जारवाही के शासकीय उच्चतर पूर्व माध्यमिक शाला में इको क्लब के छात्र-छात्राओं ने स्कूली मैदान के चारों ओर पेड़ पौधे लगाए गए हैं इसी प्रकार ग्राम बननवागांव के शासकीय प्राथमिक शाला के स्कूली बच्चों सरपंच उप सरपंच और पंच शाला विकास समिति के सदस्यों की उपस्थिति में पेड़ पौधे लगाए गए है।

**शुभांक**

**2-3-7**

**268-6 347-4**

**भाग्यांक**

**457-6 579-1**

## एसडीएम के पद पर पदस्थ संयुक्त कलेक्टर उमेश कुमार पटेल को मुख्यमंत्री ने नई जिम्मेदारियों के साथ अवर सचिव के पद पर मंत्रालय में पदस्थ किया



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगढ़ के धर्म नगरी में लोकसभा चुनाव के पूर्व संयुक्त कलेक्टर उमेश कुमार पटेल को डोंगरगढ़ एसडीएम के पद पर पदस्थ किया गया था जिसमें उनके द्वारा अपने इस पद को पूरी ईमानदारी के साथ निभाते हुए अपने क्षेत्र में सराहनी कार्य करते रहे हैं । कांग्रेस के शासनकाल में अवर सचिव के पद पर मंत्रालय में पदस्थ किया गया था इनके अपने ट्रेनिंग के समय से राजस्व अनुविभागीय अधिकारी के पद पर रहते हुए अच्छे इनके द्वारा किए गए कार्यों को देखते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा इन्हें कुछ विशेष जिम्मेदारियो के साथ मंत्रालय में अवर सचिव के पद पर पदस्थ किया गया था जिसमें इनके द्वारा उन जिम्मेदारियां को कर्तव्य निष्ठा से पूर्ण करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य को एक नई ऊचांइयों की ओर ले जाने का कार्य किये थे । मंत्रालय में अवर सचिव के पद पर पदस्थ रहते हुए इनके द्वारा अंग्रेजो के समय से चले आ रहे कानूनों में लगभग एक सौ पचास संसोधन किया गया जिससे गरीब जनता पढ़े लिखे छात्र छात्राओं को फायदा हो सके संसोधन के साथ ही इनके द्वारा आम जनता की समझ में आ सके ऐसी सरल भाषा में राजस्व नियमो से भरी राजस्व परिपत्र नामक पुस्तक लिखकर उसको विमोचन कर छत्तीसगढ़ राज्य की जनता के लिए बढ़िया कार्य किया गया । छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव सहाय को जब उनके विषय में जानकारी प्राप्त हुई तो इन्हें डोंगरगढ़ एचडी एम के पद से प्रमोशन कर मंत्रालय अवर सचिव के पद पर नई जिम्मेदारियां के साथ पदस्थ किया जा रहा है उनकी योग्यता के आधार पर छत्तीसगढ़ में इनके समतुल्य अधिकारियों में अन्य विभागों की जानकारी के हिसाब से तीसरा नंबर इनका आता है इनकी पढ़ाई के हिसाब से देखें तो पीएससी में इनका रिकॉर्ड अभी तक छत्तीसगढ़ के किसी अधिकारी ने नहीं तोड़ पाया है जनता के लिए कैसे अधिकारी अपने आप में छत्तीसगढ़ की जनता के लिए सौभाग्य की बात है ।

**NAME CHANGE**

The general public is informed that I, Jagdish Yadav father Dukalu ram yadav, resident of Ward No. 28, Tilak Marg, Near Old Bus Stand, Bharka Para, Rajnandgaon, Chhattisgarh, do swear that I have given up my old name and have taken the new name Jagdish Ram Yadav has taken care of his father Dukalu Ram Yadav. Therefore, from today onwards, I should be known by my new name Jagdish Ram Yadav father Dukalu Ram Yadav in all government, semi-government and other documents.

Jagdish Ram Yadav
S/O Dukalu Ram Yadav,
Ward No. 28, Tilak Marg, Near Old Bus Stand, Bharka Para,
Rajnandgaon, Chhattisgarh

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग(भ/स)संभाग राजनांदगांव (छ.ग.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा विज्ञप्ति क्रं. 3699/4/नि.वि./लोनिवि/2024-25 दिनांक 01.07.2024

छत्तीसगढ़ राज्य में बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किये गये ई श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र AE में प्रतिशत दर पर ब्लाक स्तर पर निविदा आमंत्रित की जाती है:-

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि — 19.07.2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक

ठेकेदारों द्वारा निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि — 30.07.2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि — 31.07.2024 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| क्रमांक | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | अमानती राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 |
| 1 | 8वीं बटालियन पेंड्री राजनांदगांव विकासखंड-राजनांदगांव में बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य (द्वितीय आमंत्रण) | 10.14 | 7700.00 |

निविदा समय-सारिणी एवं आवश्यक निदेश:- आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तोवज की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है। 1. ई-पंजीयन की छायाप्रति 2. निवास प्रमाण पत्र 3. जी.एस.टी. प्रमाण पत्र 4. पेन कार्ड 5. अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में देखा जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग(भ/स) संभाग
राजनांदगांव (छ.ग.)

जी- 242500759/3

nandgaon times julai-05-03.qxd 7/4/2024 11:56 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) पिक्नोमीटर नामक उपकरण का प्रयोग किसे मापने के लिए किया जाता है?*
*2) हाल ही में टाटा संस कहाँ 650 करोड़ की लागत से मंदिर संग्रहालय बनाएगा?*
*3) तारकोल वाली सड़कों पर टूट-फूट तब होती है, जब उनमें-*
*4) दूरसंचार मोबाइल नम्बर पोर्टेबिलिटी नौवा संशोधन विनियमन 2024 कब से लागू हुआ ?*
*5) हाल ही में किसने 2024 का राष्ट्रमंडल लघु कथा पुरस्कार जीता है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) घनत्व (2) अयोध्या (3) सड़क पर पानी स्थिर हो जाए (4) 1 जुलाई (5) संजना ठाकुर

## समीक्षा बैठक सम्पन्न

**छुईखदान ( नांदगांव टाइम्स )।** चंदकान्त वर्मा कलेक्टर महोदय जिला खैरागढ़-छुईखदान. गंडई के मार्गदर्शन, श्री लालजी द्विवेदी जिला शिक्षा अधिकारी केसीजी के निर्देशानुसार श्री रमेंद्र कुमार डड़सेना विकासखंड शिक्षा अधिकारी छुईखदान एवं जी. सुधाकर सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी छुईखदान की उपस्थिति में विकासखंड छुईखदान के समस्त संकुल समन्वयकों का समीक्षा बैठक लिया गया। श्री डड़सेना बी ई ओ छुईखदान द्वारा मुख्यमंत्री नवा जतन अंर्तगत भवन मरम्मत की पूर्ण अपूर्ण की अद्यतन स्थिति के बारे में चर्चा किया। कुछ दिन पूर्व माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ द्वारा शिक्षा विभाग की उच्च अधिकारियों का समीक्षा बैठक लिया गया। और स्पष्ट रूप से कहा शिक्षा विभाग के मुख्यमंत्री नवा जतन अंर्तगत मरम्मत भवनों का निर्माण कार्य समयावधि में पूर्ण करावें। समीक्षा बैठक में आगे श्री जी सुधाकर एबीईओ छुईखदान द्वारा चर्चा किया गया कि अतिरिक्त शाला भवन पूर्ण अपूर्ण की जानकारी सभी समन्वयकों से चाहा गया। संकुल समन्वयक अपने अपने संकुल अन्तर्गत स्वीकृत अतिरिक्त शाला भवन अपूर्ण जानकारी बताया । श्री जी सुधाकर एबीईओ ने अतिरिक्त शाला भवन निर्माण के लिये संबधित एजेंसी से सम्पर्क कर पूर्ण कराने का सभी संकुल समन्वयकों को निर्देश दिया गया। साथ ही श्री सुधाकर एबीईओ छुईखदान द्वारा अन्य बिन्दुओ जैसे युडाइस में ड्रॉप बॉक्स में विद्यार्थियों का प्रोग्रेसिव कराना, नि:शुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश,प्राप्ति एवं वितरण की जानकारी, शिक्षक डायरी सभी शिक्षकों से संधारित कराना,सभी शिक्षक अपने शाला में नियमित समय पर उपस्थित होने,देरी से आने वाले शिक्षकों को जानकारी कार्यालय को उपलब्ध सभी संकुल समन्वयक देना सुनिश्चित करे।



# विश्व की महान विभूति पुरी शंकराचार्य स्वामी श्री निश्चलानन्द सरस्वतीजी


**अरविन्द तिवारी की रिपोर्ट**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सनातन धर्म ध्वजा के परम संवाहक विश्व के महान विभूति अनन्तश्री विभूषित गोवर्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वती जी महाराज का 82 वाँ प्राकट्य महोत्सव आज देश भर में राष्ट्रोत्कर्ष दिवस के रूप में मंगलमय वातावरण में उत्सवपूर्वक मनाया जायेगा। इस अवसर पर सर्वहित कल्याण की भावना से श्रीरुद्राभिषेक , शिवपूजन , आराधना , सुंदरकांड पाठ , हनुमान चालीसा पाठ आदि के साथ गुरुदेव भगवान के द्वारा प्रदत्त जन कल्याण निहितार्थ संदेश के अनुसार पाठ ,जप , वृक्षारोपण आदि के साथ विभिन्न सेवा प्रकल्प के माध्यम से कई कार्यक्रम आयोजित होंगे।

**पुरी शंकराचार्यजी का जीवन परिचय** -

गोवर्धनमठ पुरी के वर्तमान श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य अनन्तश्री विभूषित स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वती जी महाभाग इस मठ की शंकराचार्य परम्परा के 145 वें स्थान पर प्रतिष्ठित हैं। बिहार राज्य के मिथिलांचल स्थित तत्कालीन दरभङ्गा ( वर्तमान में मधुबनी ) जिलान्तर्गत हरिपुर बक्सीटोल नामक ग्राम में आषाढ कृष्ण त्रयोदशी, बुधवार , रोहिणी नक्षत्र, पाम सम्वत् 2000 तदनुसार 30 जून 1943 ई. को श्रोत्रिय कुलभूषण दरभङ्गा नरेश के राजपण्डित श्रीलालवंशी झा जी और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती गीता देवी को एक पुत्ररत्न प्राप्त हुआ जिनका नाम नीलाम्बर झा रखा गया। वही नीलाम्बर झा वर्तमान पुरीपीठाधीश्वर अनन्तश्री विभूषित श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वती महाभाग के नाम से ख्यापित हैं। बालक नीलाम्बर में बाल्यकाल से ही अनेक विलक्षणतायें दिखने लगीं । सोलह वर्ष की अवस्था में आप संग्रहणी रोग से ग्रसित हो गये , रोग निरन्तर बढ़ता गया । जीवन से निराश होकर एक दिन वे अपने पिता के समाधि स्थल पर गये और विधिवत् दण्डवत कर वहाँ की मिट्टी का एक कण मुँह में डाला और पिताजी से प्रार्थना की कि या तो यह शरीर इसी समय स्वस्थ हो जाये या शव हो जाये। अचानक एक चमत्कार हुआ , किसी अदृश्य दिव्य शक्ति ने आपको वेगपूर्वक उठा दिया। तत्काल आपका ध्यान नभोमंडल की ओर गया जहाँ बड़ा ही विचित्र दृश्य दिखलायी पड़ा। नभोमण्डल में पृथ्वी से लगभग दस किलोमीटर की ऊँचाई पर वृत्ताकार पद्मासन पर बैठे , श्वेतवस्त्र और पगड़ी धारण किये दस हजार पितरों ने आपको दर्शन दिया और आपको उन सबों की अन्तर्निहित वाणी सुनाई दी कि संग्रहणी रोग दूर हो गया , अब घर लौट जाओ और निर्भय विचरण करो। आपकी प्रारम्भिक शिक्षा गाँव में हुई और उच्चविद्यालय की शिक्षा अपने अग्रज श्री श्रीदेव झा के संरक्षण में दिल्ली के तिबिया कॉलेज में प्रारम्भ की। वहाँ आप कई सामाजिक , धार्मिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं से भी जुड़े। दसवीं कक्षा में विज्ञान के छात्र थे तब जिस भवन में आपका निवास था उसके पास में ही दशहरे के अवसर पर रामलीला का मंचन आयोजित था। एक रात्रि आप भवन की छत पर टहलते हुये रामलीला के मंचन का संवाद सुन रहे थे। प्रभु श्रीराम के वनवास जाने की लीला का प्रसङ्ग सुनते ही आपके मन में यह प्रबल भाव उत्पन्न हुआ कि जब मेरे प्रभु भगवान श्रीरामका वनवास हो गया तब मेरे यहाँ बने रहने का कोई औचित्य नहीं है। मन में प्रबल वैराग्य उत्पन्न हुआ और आप चुपचाप पैदल ही काशी के लिये प्रस्थान कर दिये। यात्रा के दौरान आप नैमिषारण्य पहुँचे जहाँ परमपूज्य दंडीस्वामी श्रीनारदानन्द सरस्वतीजी महाराज के सम्पर्क में आने का संयोग सधा। पूज्य स्वामीजी ने आपका नाम ध्रुवचैतन्य रखा। कालान्तर में आप सर्वभूतहृदय यतिचक्रचूड़ामणि धर्मसम्राट स्वामी करपात्रीजी महाभाग के सम्पर्क में आये और उनके द्वारा चलाये गये गोरक्षा अभियान में भी आपने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। उस अभियान के अन्तर्गत 07 नवम्बर 1966 को दिल्ली में आयोजित विशाल सम्मेलन में भी आप शामिल हुये जिसमें पुलिस द्वारा छोड़े गये अश्रुगैस के कारण आप मूर्छित भी हो गये थे। तत्पश्चात 09 नवम्बर को आपको बन्दी बना कर 52 दिनों तक दिल्ली के तिहाड़ जेल में रखा गया । वैशाख कृष्ण एकादशी गुरुवार पामसंवत् 2031 तदनुसार 18 अप्रेल 1974 को हरिद्वार में पूज्यपाद धर्मसम्राट स्वामी हरिहरानन्द सरस्वतीजी महाराज ( धर्मसम्राट् करपात्रीजी महाराज ) के चिन्मय कर कमलों से आपका सन्यास सम्पन्न हुआ। सन्यास के बाद उन्होंने आपका नाम निश्चलानन्द सरस्वती रखा और अब आप इसी नाम से पूरे विश्व में जाने जाते हैं। पुरी मठ के तत्कालीन पूर्वाचार्य पूज्यपाद श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निरञ्जनदेव तीर्थजी महाराज ने माघ शुक्ल षष्ठी तदनुसार 09 फरवरी 1992 को अपने करकमलों से आपको पुरीपीठ के 145 वें श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य के पद पर अभिषिक्त किया। इस महिमामय पद पर प्रतिष्ठित होने के बाद आपने पद का उपभोक्ता ना बनकर पद के उत्तरदायित्व का सम्यक् निर्वहन करने का निर्णय लिया। सनातन धर्म तथा उसके प्रामाणिक मानबिन्दुओं की रक्षा , राष्ट्र की अखण्डता तथा विश्वकल्याण के लिये संघर्ष करने का व्रत लिया। धर्मसम्राट स्वामी श्रीकरपात्री महाराजके कृपापात्र शिष्य एवं पुरीमठ के पूर्वाचार्य स्वामी श्रीनिरञ्जनदेवतीर्थ जी महाराज द्वारा श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य पद पर अभिषिक्त स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वतीजी महाराज ने विश्वकल्याण एवं राष्ट्रप्रेम की भावना से भावित होकर व्यासपीठ एवं शासनतंत्र का शोधन करने तथा कालान्तर से विकृत एवं विलुप्त हो चुके ज्ञान — विज्ञान को परिमार्जित करने एवं पूर्ण शुद्धता के साथ पुन: उद्भासित करने का अपना लक्ष्य बनाया। अपने लक्ष्य की सिद्धि के लिये महाराजश्री ने पीठपरिषद के अन्तर्गत च्आदित्यवाहिनीज, च्आनन्दवाहिनीज, च्हिन्दुराष्ट्रसंघज, च्राष्ट्रोत्कर्ष अभियानज, च्सनातन सन्तसमितिज् जैसे संस्थाओं की भी स्थापना की जिसका उद्देश्य है अन्यों के हित का ध्यान रखते हुये हिन्दुओं के अस्तित्व और आदर्श की रक्षा तथा देश की सुरक्षा और अखण्डता। आपने समस्त प्रामाणिक एवं प्रमुख सनातन धर्माचार्यों को एक मंच पर लाने का भी अभियान चलाया। श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य राममन्दिर निर्माण के लिये राष्ट्रीय स्तर पर जो अभियान चला उसमें महाराजश्री की प्रमुख भूमिका रही। अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि स्थल पर आस -- पास मन्दिर और मस्जिद दोनों का निर्माण नहीं होने देने का श्रेय एकमात्र पुरी पीठाधीश्वर श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानन्दजी महाभाग को ही जाता है। श्रीरामजन्मभूमि स्थल पर ही राममन्दिर और मस्जिद दोनों का निर्माण कराने के लिये भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिंह राव द्वारा गठित रामालय ट्रस्ट पर महाराजश्री के अतिरिक्त शंकराचार्यों ने सहमति प्रदान करते हुये हस्ताक्षर कर दिया था। किन्तु विविध प्रकार के प्रलोभन तथा भय दिये जाने पर भी महाराजश्री ने हस्ताक्षर नहीं किया क्योंकि उनके चिन्तन के अनुसार वह राष्ट्रहित , धर्महित एवं चिरकालिक शान्ति के उद्देश्य के विपरीत था। महाराजश्री ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि भारत में कहीं भी बाबर के नाम पर प्रतीक के रूप में मस्जिद का निर्माण नहीं चाहिए। जब भारत सरकार ने भगवान श्रीराम द्वारा निर्मित रामसेतु को तोड़ने का काम प्रारम्भ किया तो महाराजश्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब रामसेतु टूट ही जायेगा तब यह शरीर रहकर क्या करेगा ? महाराजश्री ने चीन की सीमा से लेकर रामेश्वरम् तक की यात्रा की तथा रामेश्वरम में 150 भक्तों के साथ रामसेतु की रक्षा हेतु अभियान चलाया और प्रार्थना की। उन्होंने इस सन्दर्भ में श्रीलंका की सरकार तथा संयुक्त राष्ट्रसंघ से भी सम्पर्क साधा था , परिणाम यह हुआ कि अभी रामसेतु सुरक्षित है। हिन्दुओं के प्रमुख मानबिन्दुओं के रक्षा हेतु संकल्पित महाराजश्री के मार्गदर्शनमें पुरीमठ द्वारा 22 प्रकार की निशुल्क सेवायें संचालित होती है जिसमें गोवर्द्धनगोशाला , औषधालय , मन्दिर , आवास , भोजनालय , वाचनालय , पुस्तकालय , समुद्र आरती , बच्चों के लिये यज्ञोपवीत से लेकर वेदविद्यालय तक की शिक्षा आदि प्रमुख है। इसके साथ ही वृन्दावन , काशी और प्रयाग , होशियापुर, रायपुर आदि स्थानों पर स्थित आश्रमों में भी भक्तों को नि:शुल्क सेवायें उपलब्ध करायी जाती है। महाराजश्री विज्ञान के पक्षधर हैं , उनका मानना है कि वैज्ञानिक, आध्यात्मिक और व्यावहारिक तीनों धरातलों पर जो सही साबित हो , वही अनुकरणीय है। आज विश्व में विकास की होड़ मची है लेकिन वेद - विहीन विज्ञान के अंधाधुन्ध अनुकरण और विकास के वास्तविक स्वरूप को नहीं समझ पाने के कारण पूरा विश्व विकास के नाम पर विनाश के कगार पर पहुँच चुका है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुये पुरी शंकराचार्य महाराज जी वेदङ्क विहीन विज्ञान की जगह वेदङ्क सम्मत , शास्त्रङ्क सम्मत , ज्ञानङ्क विज्ञान के प्रचारङ्क प्रसार और प्रयोग पर बल दे रहे हैं। विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में ऐसा वैचारिक परिवर्तन लाने के उद्देश से शंकराचार्य महाराज विभिन्न वैज्ञानिक , तकनीकि संस्थानों सहित अन्य शिक्षण संस्थानों विश्वविद्यालयों , प्राद्यौगिकी संस्थानों आदि में दिव्य प्रवचनों के द्वारा अपेक्षित मार्गदर्शन दे रहे हैं। इस प्रकार महाराजश्री राष्ट्ररक्षा , धर्मरक्षा , राष्ट्रोत्कर्ष , प्राचीन एवं आधुनिक विज्ञान तथा तकनीक , सुरक्षा , वाणिज्य , संस्कृति , विकृत ज्ञान— विज्ञानका शोधन तथा लुप्त ज्ञान— विज्ञानको पुन: उद्भाषित करने , विश्वशान्ति , विश्वबन्धुत्व एवं प्राणीमात्र के कल्याण सम्बन्धी विषयों पर निरन्तर चिन्तनङ्क मनन करते रहते हैं और भारत तथा नेपाल के प्रमुख शिक्षण संस्थानों , औद्योगिक प्रतिष्ठानों , सामाजिक -- धार्मिक कार्यक्रमों एवं गोष्ठियों में वरिष्ठ नागरिकों , युवाओं एवं छात्रों के बीच प्रवचन कर मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। सनातन वैदिक वाङ्मय सम्बन्धि लेखन के क्षेत्र में भी महाराजश्री का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण योगदान है। अभी तक उनके द्वारा विरचित लगभग एक सौ सत्तर से अधिक ग्रन्थ प्रकाशित हो चुके हैं , जिनमें डेढ़ दर्जन से अधिक ग्रन्थ वैदिक वाङ्मय में अन्तर्निहित गणित पर हैं। अभी तक 110 से अधिक देशों के गणितज्ञ और वैज्ञानिक महाराजश्री से गणित पर मार्गदर्शन ले चुके हैं। महाराज श्री द्वारा विरचित च्स्वस्तिक गणितज् नामक पुस्तक ने ऑक्सफोर्ड तथा कैम्ब्रीज विश्वविद्यालयों सहित अनेक देशों एवं विश्वविद्यालयों के गणितज्ञों को विशेषरूप से आकर्षित किया है। उनके द्वारा विरचित गणित के नौवें ग्रन्थ च्गणितसूत्रम्ज् में 304 सूत्र हैं जिनमें 61सूत्र वेदों एवं उपनिषदों से लिये गये हैं बाकी 242 स्वयं महाराजश्री द्वारा रचित है। गोवर्द्धनमठ पुरी के वर्तमान श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वती जी महाभाग का मानना है कि सनातन परम्परा के अनुसरण और क्रियान्वयन से विश्व में शान्ति स्थापित होगी और भारत पुन: विश्वगुरु बनकर प्राणी मात्र के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करेगा। महाराजश्री एक महान् संत , चिन्तक , राष्ट्रभक्त तथा सिद्धपुरुष हैं।

पूर्व में इन्हें मारने की अनेक योजनायें रची गयी। इन्हें दो बार विष पिलाया गया, पाँच बार नाग से डंसवाया गया तथा 22 बार शीशे का चूर्ण पिलाया गया है तथापि प्रभु द्वारा निर्धारित कार्य को सिद्ध करने के लिये ये च्अमृतजस्य पुत्रज् के रूप में हमारे बीच विद्यमान हैं। ऐसे सिद्धपुरुष के मार्गदर्शन से सबका कल्याण सुनिश्चित है। अत: आप सब अपने कल्याण की भावना से उनके अभियान से जुड़ें ऐसी भावना है। वर्तमान में आपके द्वारा उद्भाषित हिन्दू राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया पर पूरे विश्व की निगाह है कि किस प्रकार इसके क्रियान्वयन से विश्व का परिदृश्य बदल सकता है एवं विनाश के कगार पर बैठी सम्पूर्ण मानवता की रक्षा संभव हो सकेगी।



**प्राकट्य दिवस विशेष**

# नगर पंचायत का बंटाधार कर रहे स्थानीय जनप्रतिनिधि व अधिकारी के कमिशन खोरी के चलते नगर में उजाला होते हो गया अंधेरा?



**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगांव जिले के बहुचर्चित खुज्जी विधानसभा का नाम ही काफी है जहां राजनिति इतना हावी है कि तिड़ का ताड़ बनते समय नहीं लगता वो है खुज्जी विधानसभा का नगर पंचायत छुरिया। छुरिया नगर की चर्चा राजनीति को लेकर हो या अन्य बातों को लेकर हमेशा सुर्खियों में बने रहता है । जहां कभी भी कुछ भी कहे पाना संभव नहीं क्योंकि यहां कब कौन दिग्गज नेता अपनी उंगली सीधी करने में लग जाये ये आने वाला समय तय करता है। जिसके चलते ही कहा जा सकता कि नगर पंचायत छुरिया का विकास कोशो दुर नजर आया है? जिसका खामियाजा नगर में रहने वाले नगरवासियों को झेलना पड़ रहा है? जिसका जीता जागता उदाहरण नगर में रात को चकाचौंध करने वाले उजाले से पता चलता है।जिसका पोल खोलता नगर में बने डिवाइडर पे लगे पोल जो बहुत कुछ बयां कर रही है जहां ठेकेदार व्दारा गुणवत्ता हिन नगर पहुंच मार्ग से तहसील कार्यालय व जनपद पंचायत जाने के मार्ग तक लगे लगभग 60 एल.ई.डी. नुमा पट्टी जो तीन महीने ठीक से जगमगाया नहीं कि बंद नजर आ रहा है। जिसके लिए जिम्मेदार अपनी आंखों में पट्टी बांध नगर में लगने वाले राशियों का सदुपयोग के लिए अबतक अपनी आवाज बुलंद नहीं की? और ना सुधार को लेकर नगर पंचायत अधिकारी व जनप्रतिनिधियों व्दारा अबतक कोई कदम नहीं उठाया गया ऐसा क्यों यह समझ से परे है? या ये कहना ग़लत नहीं होगा कि कहीं मोटी कमिशन के चलते ठेकेदार पर गुणवत्ता हिन समाग्री लगवाकर पुरी राशि आहरण दबे पांव कर दिया गया? वहीं ठेकेदार पर महेरबान नगर के हितैषी कार्यवाही की मांग न कर नगर के टैक्स व अन्य विकास कार्यों के लिए मिलने वाले मद की राशि का दुरुपयोग करते नजर आए हैं?

**गुणवत्ता हिन समाग्री की गारंटी पर जिम्मेदार अधिकारी जनप्रतिनिधि क्यों है खामोश?**

जहां यह कहना भी गलत नहीं होगा कि कमीशनखोरी के चलते ठेकेदार ने गुणवत्ता हिन समाग्री का उपयोग किया ऐसे ठेकेदार पर नगर पंचायत अधिकारी कर्मचारी बिना देर लगाए पुरी राशि आहरण कराकर चैन से सो रहे हैं? नगर की जनता कुछ दिन चकाचौंध रौशनी देख फिर से वही अंधेरे में घुमने निकलते हैं ऐसे में यह कहना ग़लत नहीं होगा कि नगर पंचायत अधिकारी से लेकर जनप्रतिनिधियों को ठेकेदार व्दारा गुणवत्ता हिन समाग्री लगाने के एवज में मोटी रकम कमीशन खिलाकर शासन प्रशासन को अंधेरे में रखने का काम किया है? और ऐसा नहीं है तो नगर के जनप्रतिनिधियों को चाहिए नगर पंचायत सीएमओ से ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्यवाही कर ऐसे ठेकेदार को ब्लेक लिस्ट कर भुगतान हुए राशि की रिकवरी करें जिससे उच्च गुणवत्ता हिन समाग्री नगर में लगवाकर नगर हित में कार्य करें। बहरहाल अब देखना होगा नगर के जनप्रतिनिधि व अधिकारी इसपर क्या संज्ञान लेते हैं जिससे नगर पुन: चमक उठे.।

## पदुमतरा में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ब्लॉक के पदुमतरा में वृहद वृक्षारोपण किया गया। श्री राम मंदिर परिसर, धान खरीदी केंद्र एवं अन्य स्थान पर वृक्षारोपण किया गया। श्री राम मंदिर में वृक्षारोपण करते हुए जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू ने कहा कि आज प्रत्येक व्यक्ति को कम से 2 पेड़ लगानें से लेकर उनकी संपूर्ण जवाबदेही लेनी चाहिए, तभी हमें आगे पर्यावरण को संतुलन करने में मदद होगी। श्री राम मंदिर में वृक्षारोपण के दौरान सरपंच प्रतिनिधि मोहन साहू, राकेश साहू, सेवक गंधर्व, नागेश साहू, पुण्यात्मा साहू, राकेश गौतम, उत्तम साहू, हरिकिशन सेन सहित अन्य शामिल हुए।



## धर्म समाचार....

# मेष राशि के लोग शिवलिंग पर चढ़ाएं लाल फूल, राशि अनुसार जानिए अमावस्या क्या करें



शुक्रवार, 5 जुलाई को आषाढ़ मास की अमावस्या है। इसे हलहारिणी अमावस्या कहते हैं। इस दिन दान-पुण्य, नदी स्नान और पूजा-पाठ करने का विशेष महत्व है। अमावस्या की दोपहर में पितरों के लिए धूप-ध्यान किया जाता है। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक, अमावस्या पर राशि अनुसार पूजा-पाठ करने से कुंडली के ग्रह दोष शांत हो सकते हैं। जानिए आषाढ़ मास की अमावस्या पर कौन-कौन से शुभ काम किए जा सकते हैं...

मेष और वृश्चिक राशि - इन दोनों राशियों का स्वामी मंगल है। मंगल की पूजा शिवलिंग रूप में की जाती है। इसलिए ये लोग शिवलिंग पर जल, दूध चढ़ाएं। बिल्व पत्र अर्पित करें। लाल गुलाल और लाल फूल चढ़ाएं। मंगल ग्रह के मंत्र ऊँ अं अंगारकाय नम: मंत्र का जप करें।

वृष और तुला राशि - इन दो राशियों का स्वामी ग्रह शुक्र है। शुक्र ग्रह की पूजा शिवलिंग रूप में ही होती है। इसलिए ये लोग शिवलिंग पर दूध चढ़ाएं। बिल्व पत्र, धतूरा और सफेद फूल चढ़ाएं। दूध से बनी मिठाई शिव जी को अर्पित करें। ऊँ शुक्राय नम: मंत्र का जप करें।

मिथुन और कन्या राशि - इन राशियों का स्वामी ग्रह बुध है। बुध ग्रह की पूजा में 'ऊँ बुधाय नम: मंत्र का जप करें। इस ग्रह के लिए हरे मूंग का दान करें। बुध ग्रह के दोष दूर करने के लिए गणेश जी की पूजा भी कर सकते हैं।

कर्क राशि - ये लोग शिवलिंग के साथ चंद्र देव की पूजा करें। जल, दूध और पंचामृत से अभिषेक करें। चंद्र के लिए दूध का दान करें। ऊँ सों सोमाय नम: मंत्र का जप करें।

सिंह राशि - सूर्य देव इस राशि के स्वामी हैं। इन लोगों को सुबह जल्दी उठना चाहिए और स्नान के बाद सूर्य को अर्घ्य चढ़ाकर दिन की शुरुआत करनी चाहिए। सूर्य को जल चढ़ाते समय ऊँ सूर्याय नम: मंत्र का जप करना चाहिए।

धनु और मीन राशि - इन दो राशियों का स्वामी गुरु ग्रह है। इस ग्रह की पूजा शिवलिंग रूप में ही की जाती है। ये लोग शिवलिंग पर केसर मिश्रित जल चढ़ाएं। पीले फूलों से शिवलिंग का श्रृंगार करें। ऊँ गुरुवे नम: मंत्र का जप करें।

मकर और कुंभ राशि - ये दोनों राशियां शनि ग्रह के स्वामित्व वाली हैं। इन लोगों को अमावस्या पर शनिदेव की विशेष पूजा करनी चाहिए। शनिदेव का तेल से अभिषेक करें। ऊँ शं शनैश्चराय नम: मंत्र का जप करें। तेल का दान करें।

## नवंबर महीने में इतने दिन बजेंगी शहनाइयां, नोट करें सही डेट एवं लग्न मुहूर्त



सनातन धर्म में देवशयनी एकादशी तिथि का विशेष महत्व है। इस दिन जगत के पालनहार भगवान विष्णु की विशेष पूजा की जाती है। साथ ही एकादशी का व्रत भी रखा जाता है। देवशयनी एकादशी तिथि से चातुर्मास प्रारंभ होता है। इसके लिए देवशयनी एकादशी तिथि से लेकर देवउठनी एकादशी तिथि तक मांगलिक कार्य नहीं किया जाता है। सनातन धर्म में कार्तिक महीने का विशेष महत्व है। इस महीने में जगत के पालनहार क्षीर सागर में योग निद्रा से जागृत होते हैं। यह पर्व हर वर्ष कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। इसके अगले दिन तुलसी विवाह मनाया जाता है। इस दिन से विवाह समेत सभी प्रकार के मांगलिक कार्य का शुभारंभ होता है। इससे पूर्व चातुर्मास के चलते कोई भी मांगलिक कार्य नहीं किया जाता है। तुलसी विवाह तिथि से विवाह मुहूर्त का शंखनाद होगा। आइए जानते हैं कि नवंबर महीने में कितने दिन शहनाइयां बजेंगी। ज्योतिषियों की मानें आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की देवशयनी एकादशी 17 जुलाई को है। इस दिन से भगवान विष्णु योग निद्रा में चले जाते हैं। वहीं, देवउठनी एकादशी को जागृत होते हैं। इस अवधि को चातुर्मास कहा जाता है। इस दौरान कोई भी शुभ कार्य नहीं किया जाता है। इस वर्ष 12 नवंबर को देवउठनी एकादशी है। कुल मिलाकर कहें तो 17 जुलाई से 12 नवंबर तक चातुर्मास रहेगा। वहीं, 13 नवंबर को तुलसी विवाह है। इस दिन से सभी प्रकार के मांगलिक कार्य किए जाएंगे। ज्योतिषियों की मानें तो 13 नवंबर को तुलसी विवाह है। अत: 13 नवंबर को प्रथम विवाह मुहूर्त है। इस दिन रेवती नक्षत्र का संयोग बन रहा है। वहीं, लग्न का शुभ मुहूर्त संध्याकाल 05 बजकर 52 मिनट से लेकर देर रात 02 बजकर 28 मिनट तक है। तुलसी विवाह के पश्चात 17 नवंबर को विवाह मुहूर्त है। इस दिन रोहिणी और मृगशिरा का संयोग है। अगहन माह के कृष्ण पक्ष की द्वितीया एवं तृतीया तिथि को दिन और रात दोनों समय लग्न मुहूर्त है। अगहन माह के कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि यानी 18 नवंबर को लग्न मुहूर्त है। इस दिन मृगशिरा नक्षत्र का संयोग पड़ रहा है। जातक अपनी सुविधा के अनुसार नवंबर महीने में विवाह तिथि का चयन कर सकते हैं। ज्योतिषियों की मानें तो अगहन माह में सप्तमी तिथि से लेकर एकादशी तिथि तक लगातार विवाह के लिए लग्न मुहूर्त है। आसान शब्दों में कहें तो 22 नवंबर से लेकर 26 नवंबर ( 22, 23, 24, 25, 26) तक लगातार विवाह मुहूर्त है।

nandgaon times julai-05-03.qxd 7/4/2024 11:56 PM Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, टेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# खनिज विभाग के संरक्षण में चल रहा है अवैध कारोबार का गोरख धंधा



**खैरागढ़ छुईखदान गंडई ( नांदगांव टाइम्स )।** युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुलशन तिवारी ने कलेक्टर खैरागढ़ छुईखदान गंडई को ज्ञापन सौंपते हुए कहा है कि जिले में अवैध रूप से संचालित हो रहे लाल ईट भट्टों अवैध मुरूम खनन बिना रॉयल्टी के गिट्टी एवं रेत परिवहन का गोरख धंधा जोरो सोरों से चल रहा है जिस पर खनिज विभाग के द्वारा किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की जा रही हैं

### शिकायत के बाद भी नहीं होती है कार्रवाही

अवैध मूरूम खनन के संबंध में 19 जून 27 जून 1 जुलाई एवं 3 जुलाई को फोटो एवं वीडियो के साथ जिले में कार्यरत खनिज विभाग के अधिकारी को सूचना देने के बावजूद भी कार्यवाही नहीं होती है यह कहना गलत नहीं होगा कि जिला खनिज विभाग के संरक्षण में अवैध मूरूम खनन का कार्य जोरों शोरो से चल रहा है

### नजर के सामने हो रहा है लाल ईट भट्टों का संचालन

अवैध रूप से संचालित हो हो रहे लाल ईट भट्टों को लेकर 7 फरवरी को विधिवत शिकायत होने के बावजूद भी जिला खानीज विभाग के द्वारा अब तक कार्यवाही नहीं की गई है उक्त अवैध ईट भट्टों का संचालन सड़क किनारे चल रहा है जिस रास्ते से खनिज विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों का लगातार आना-जाना रहता है एवं शिकायत होने के बाद बावजूद भी कार्यवाही नहीं होना खनिज विभाग एवं राजस्व विभाग की संलिप्तता को दर्शाता है

### खनिज विभाग के लापरवाही से हो रहा है लाखों रुपए के राजस्व के हानि

जिले में प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में गाड़ियां रेत एवं गिट्टी का परिवहन करते है इन गाड़ियों का अगर निष्पक्ष जांच किया जाए तो लगभग सभी वाहन बिना रॉयल्टी के रेत एवं गिट्टी का परिवहन कर रहे हैं जिले में संचालित कई ऐसे गिट्टी खदान है जिनके पास रॉयल्टी ही उपलब्ध नहीं है बावजूद खनिज विभाग के आशीर्वाद से यह अवैध कार्य फल फूल रहा है के यह कहना गलत नहीं होगा कि खनिज विभाग के लापरवाही के वजह से शासन को लाखों रुपए के राजस्व की हानि हो रही है

### सत्ताधारी लोगों के ऊपर कार्यवाही नहीं हो रही है

जिला अध्यक्ष गुलशन तिवारी ने आरोप लगाया है कि रेती गिट्टी ईट एवं मुरूम का अवैध कारोबार सत्ता से जुड़े हुए लोग आसानी से कर रहे हैं जिसके ऊपर किसी भी प्रकार के कोई कार्यवाही नहीं हो रही है अधिक दबाव देने पर कार्यवाही के नाम पर अगर गाज गिरती भी है तो गरीब ट्रांसपोर्टर एवं सत्ता के विपक्ष के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के गाड़ियों को पकड़ा जाता है जिनको छुड़ाने के लिए हफ्ते भर घूमने के बाद उन गाड़ियों को मुश्किल से छोड़ा जाता है जिला अध्यक्ष गुलशन तिवारी ने चेतावनी देते हुए कहां है कि लगातार अवैध उत्खनन एवं अवैध ईट भट्टों का संचालन के संबंध में कार्यवाही के लिए आवेदन एवं शिकायत किया जा चुका है जिसके बावजूद भी कार्यवाही नहीं की गई है आगे कार्यवाही नहीं होने की स्थिति पर चक्का जाम किया जाएगा।



## वन है तो कल है' के मूल मंत्र को अपनाते हुए सभी अपने आस-पास वृक्षारोपण करें - किरण वैष्णव

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** परिक्षेत्र बागनदी उपवन मंडल द्वारा वन महोत्सव व एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया



जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव शामिल हुई। श्रीमती किरण वैष्णव ने संबोधित करते हुए का कि 'वन है तो कल है' के मूल मंत्र को अपनाते हुए सभी अपने आस-पास वृक्षारोपण करें, क्योंकि प्रकृति व मनुष्य के लिए वनों का होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। हम सभी वृक्षारोपण और उनके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम की शुरुआत की गई है।हम सभी को जिस तरह से मां के द्वारा प्यार कर बड़ा कर हमारी मार्गदर्शन करती है।उसी प्रकार हम सभी को वृक्षारोपण कर उस पेड़ की देखभाल करना है। छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार ने तेंदूपत्ता 5500 रू प्रति मानक की दर से खरीदी कर रही है। 'वन महोत्सव कार्यक्रम' हमारे लिए केवल एक वृक्ष लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रकृति व पर्यावरण के प्रति हम सभी के दायित्व को बताने वाला एक अवसर भी है। हम सभी प्रकृति और पर्यावरण के सानिध्य में हम सब जितना अधिक रहते हैं, विभिन्न प्रकार के रोगों से लड़ने की उतनी बड़ी क्षमता हमारे पास रहती है। इस अवसर पर चन्द्रिका डड़सेना जिला उपाध्यक्ष भाजपा, संरपंच शांति सहारे, अशोक मरकाम, गीता लाल यादव, मनीराम सहारे,रेंजर बमबाडे टी.पी., ताराचंद, अर्जुन ठाकुर, महिला बाल विकास अधिकारी मरकाम मैडम सहित वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## महापौर और आयुक्त को भाजपा नेता सुमीत की चुनौती

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर मंडल के उपाध्यक्ष सुमीत सिंह भाटिया ने एक बार फिर महापौर हेमा देशमुख और निगम आयुक्त को आड़े हाथ लिया है। भाजपा नेता सुमीत ने आरोप लगाया है कि महापौर और आयुक्त शहर के किसी भी विकास कार्य को गंभीरता से नहीं ले रहे है। महापौर अपना राजनीतिक अस्तित्व बचाए रखने के जद्दोजहद कर रहीं हैं, तो वही निगम आयुक्त भी भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देकर भ्रष्टाचार में लिप्त है। दोनो की कार्यप्रणाली पर भी सुमीत ने प्रश्नचिन्ह लगाया है। भाजपा नेता सुमीत ने बताया कि वार्ड 19 में बहुत से निर्माण कार्य अधूरे पड़े है। जिसका कई बार निगम प्रशासन को ध्यानाकर्षण कराया जा चुका है, लेकिन निगम प्रशासन का इस और ध्यान ही नही जाता। अगर वार्ड 19 के अधूरे निर्माण कार्य को पूरा करने में कोई दिक्कत या दबाव वाली स्थिति है तो महापौर और आयुक्त को चाहिए कि वह उस परिस्थिति को वार्ड 19 के लोगो को बीच सार्वजनिक करें। और अगर ऐसी कोई परिस्थिति नही है तो तुरंत वार्ड के अधूरे निर्माण कार्य को पूर्ण करें। सुमीत ने निगम प्रशासन को चुनौती देते हुए कहा कि अधूरे निर्माण कार्य के अलावा वार्ड 19 के लिए विभिन्न नए कार्यों को भी स्वीकृति मिली है। उसका भी जल्द से जल्द निर्माण कार्य चालू करवाकर निकाय चुनाव तक खत्म किया जाए, अन्यथा वार्डवासियों के साथ मिलकर बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।



# एट्रोसिटी एक्ट के तहत दर्ज शिकायत पर 24 घंटे में आरोपी गिरफ्तार

## राजनांदगांव एस पी मोहित गर्ग के निर्देश पर सी एस पी पुष्पेन्द्र नायक ने स्वयं की विवेचना

**राजनांदगांव।** थाना सिटी कोतवाली पुलिस एवं सायबर सेल राजनांदगांव की संयुक्त टीम द्वारा एस पी मोहित गर्ग के निर्देश पर तथा एडिशनल एस पी राहुलदेव शर्मा व सी एस पी पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में एट्रोसिटी एक्ट के अंतर्गत दर्ज कराई गई रिपोर्ट पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुए आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस कंट्रोल रुम से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी धनपत ध्रूव पिता ईश्वरलाल उम्र 33 साल निवासी वार्ड नं0 20 डबरी पारा पेण्ड्री थाना लालबाग जिला राजनांदगांव छ0ग0 द्वारा पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव के समक्ष अमित मिश्रा लोकेशन इंचार्ज राजनांदगांव के खिलाफ जातिसूचक गाली गलौच किये जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने बाबत् शिकायत की थी। जांच उपरांत आरोपी अमित मिश्रा द्वारा घटना दिनांक समय को प्रार्थी धनपत ध्रूव को गोंड़ जाति का होना जानते हुये जो अनुसूचित जनजाति का सदस्य है, को सार्वजनिक रूप से गवाहों के समक्ष जातिसूचक अश्लील गाली गलौच कर जान से मरवाने की धमकी देना पाये जाने से थाना कोतवाली राजनांदगांव में




आरोपी अमित मिश्रा के खिलाफ दिनांक 02.07.2024 को अपराध क्रमांक399/24 धारा 294,506 भा द वी 3 (1) द ,3 (1) एट्रोसिटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कायमी की सूचना वरिष्ठ अधिकारियो तत्काल दी गई। थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे थाना कोतवाली पुलिस एवं सायबर सेल राजनांदगांव की संयुक्त टीम गठित कर आरोपी के पतासाजी हेतु उसके सकुनत गायत्री कालोनी राजनांदगांव रवाना किया गया लेकिन आरोपी वहां नहीं मिला। मुखबीर की सूचना पर रायपुर से आरोपी अमित मिश्रा पिता स्व0 हरिशचंद्र मिश्रा उम्र 39 वर्ष निवासी ई/19 गायत्री कालोनी राजनांदगांव थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव छ0ग0 को अभिरक्षा मे लेकर राजनांदगांव लाया गया। प्रकरण मे एक्ट्रोसिटी एक्ट का धाराये लगने से प्रकरण की विवेचना श्री पुष्पेन्द्र नायक नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव करते हुए आरोपी से घटना के संबंध मे पूछताछ करने पर अपराध स्वीकार करने पर आज दिनांक 04.07.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में श्री पुष्पेन्द्र नायक नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सउनि0 इसराफिल खान, आर0 कुश बघेल एंव सायबर सेल टीम राजनांदगांव के सउनि0 सुमन कर्ष आर0 मनीष वर्मा, अवध किशोर साहू एवं थाना स्टाफकी सराहनीय भूमिका रही।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव शाय से अन्तराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अनिशा साहू ने की सौजन्य भेंट



**राजनांदगांव।** हॉकी नर्सरी राजनांदगांव की होनहार अन्तराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी कु अनिशा साहू ने आज छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फ़िरोज़ अंसारी के साथ मुख्यमंत्री निवास रायपुर में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव शाय से सौजन्य भेंट की और अपने अनुभव साझा किए, कु अनिशा अभी हाल ही में भारतीय जूनियर महिला टीम का प्रतिनिधित्व कर लौटी है, टीम ने पिछले महीने 17 मई से 1 जुलाई तक बेल्जियम, नीदरलैंड और जर्मनी का दौरा किया था । कु अनिशा ने उक्त दौरे में अपना उत्तकृष्ट प्रदर्शन किया, और टीम को सफलता दिलाई। मुख्यमंत्री श्री शाय ने अनिशा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी । और हर संभव सहयोग का वादा किया, । इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि पूर्व पार्षद देवसरण सेन ,पार्षद राजेश यादव पूर्व पार्षद शेखर यादव, मुकेश ध्रुव, ऊजवल कसेर आदि उपस्थित थे।

## डायल 112 वित्तीय साक्षरता पर तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव की प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के कुशल मार्गदर्शन में तथा आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ अनीता साहा एवं जिला एनएसएस प्रभारी डॉ सुरेश पटेल के नेतृत्व में डिपार्टमेंट ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी द्वारा वित्त पोषित एवं पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के सहयोग से वित्तीय साक्षरता विषय पर अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों हेतु दिनांक 4 जुलाई से 6 जुलाई 2024 तक एक तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस में उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्री कैलाश कुमार खुटियारे, डिप्टी फाइनेंस ऑफिसर, जिला पंचायत, राजनांदगांव उपस्थित हुए। उन्होंने प्रतिभागियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा फाइनेंशियल मैनेजमेंट से जुड़े कई बिंदुओं पर जानकारी प्रदान की। प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर ने प्रतिभागियों को बजट बनाकर वित्त के प्रबंधन की सलाह दी। प्रथम वक्ता के रूप में डॉ. सुरेश पटेल, सहायक प्राध्यापक, भौतिक शास्त्र ने वित्तीय साक्षरता: बचत, बजट एवं निवेश विषय पर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। द्वितीय वक्ता के रूप में डॉ. डी पी कुर्रे, विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग ने वित्तीय साक्षरता का महत्व: वर्तमान में भारत में वित्तीय साक्षरता का स्तर विषय पर प्रभावशाली उद्बोधन दिया एवं विद्यार्थियों के प्रश्नों के भी उत्तर दिए। उक्त कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ सुरेश पटेल द्वारा एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ अनीता शाह के द्वारा किया गया।

# प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से ग्राम फुलझर के गरीब एवं बेघर लोगों को मिला सपनों का घर

## महेन्द्र, पूनमचंद एवं विष्णुदास सहित 74 जरूरतमंद लोगों को मिला आशियाना, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को महेन्द्र, पूनमचंद एवं विष्णुदास ने हृदय से दिया धन्यवाद



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण गरीब और बेघर लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। गरीब एवं बेघर लोगों को बारिश के समय बहुत सारी समस्याओं से जूझना पड़ता था। अब शासन की जनकल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के माध्यम से पक्का मकान बनने से सारी समस्याओं से मुक्ति मिल रही है। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम फुलझर के श्री महेन्द्र कुमार घृतलहरे, श्री पूनम चंद घृतलहरे एवं श्री विष्णुदास मारकण्डेय सहित 74 गरीब एवं बेघर लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से आशियाना मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के माध्यम से गरीब एवं बेघर लोगों को सपनों का घर मिल गया है। सपने जैसे घर में अपने परिवार के साथ खुशी-खुशी जीवन यापन कर रहे हैं और केन्द्र एवं राज्य शासन की अन्य योजनाओं का लाभ भी ले रहे हैं। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम फुलझर निवासी श्री महेन्द्र कुमार घृतलहरे, श्री पूनम चंद घृतलहरे एवं श्री विष्णुदास मारकण्डेय ने बताया कि पहले उनके पास कच्चे का मकान था। अब प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से उन्हें पक्के मकान के लिए राशि मिली। जिससे उन्होंने पक्का मकान का निर्माण कराया है। वे कहते हैं कि अपना खुद का पक्का घर बनाना चाहते थे, लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे अपना पक्का मकान नहीं बना पाये। उन्होंने कहा कि पक्के मकान में बिजली, पानी जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं मिली हैं। फुलझर के गरीब एवं बेघर लोगों का स्वयं का पक्का मकान बनने से बरसात के दिनों में किसी प्रकार की चिंता नहीं है। वे अपने पक्के मकान में अब अलग से किचन, बिजली, पानी, शौचालय निर्माण कराकर अपने परिवार के साथ रहकर खुशी से जीवन यापन कर रहे हैं। श्री महेन्द्र कुमार घृतलहरे बताते हैं कि वे पहले खपरैल वाले कच्चे मकान में रहते थे। मिट्टी और खपरैल वाला घर होने के कारण बारिश के दिनों में पानी टपकना, जमीन में नमी आ जाना, दीवारों में सीलन, घर के भीतर कीड़े-मकोड़े आ जाना जैसे कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता था। श्री पूनमदास घृतलहरे ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से लाभान्वित होने के साथ-साथ केन्द्र एवं राज्य शासन की नि:शुल्क खाद्यान्न योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अलावा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि घर की महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत 1 हजार रूपए प्रति माह मिल रहा है। शासन की जनकल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण श्री महेन्द्र कुमार घृतलहरे, श्री पूनम चंद घृतलहरे एवं श्री विष्णुदास मारकण्डेय के लिए वरदान साबित हुई है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से लाभान्वित करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुखिया श्री विष्णुदेव साय को हृदय से धन्यवाद और आभार ज्ञापित किया।



प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, प्रबंध सम्पादक- श्रीमती कल्पना पाण्डे । मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com